तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

11 236 ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



12 नशा समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक



## खबर संक्षेप

### संसदीय मैत्री समूह में सांसद कश्यप को मिली जिम्मेदारी



**जगदलपुर।** 18वीं लोकसभा के लिए गठित 'भारत-नेपाल संसदीय मैत्री समूह' में बस्तर सांसद महेश कश्यप को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करते हुए वे दोनों देशों के बीच संसदीय संवाद,आपसी सहयोग और मैत्री को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित हैं। बस्तर के एक जनसेवक को अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना गौरव का विषय है।

### दंतेश्वरी महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव आज

**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में 27 फरवरी को प्रातः 11 बजे महाविद्यालय प्रांगण में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह वार्षिक आयोजन छात्राओं की सांस्कृतिक,बौद्धिक एवं सृजनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, शैक्षणिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताएँ तथा अन्य आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित होंगी।

### एसआईआर को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक



**जगदलपुर।** राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की अध्यक्षता में एसआईआर को लेकर बैठक आहुत की गई। जिसमें आगामी संगठनात्मक कार्यों एवं रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में बस्तर जिले के समस्त बीएलए व कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**क्षेत्रीय पर्यटन ढांचे पर अपनी महत्वपूर्ण प्रस्तुतियाँ साझा कीं**

# धुड़मारास में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की दस्तक यूएन मेंटर ने दिया बेस्ट टूरिज्म विलेज का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

खास खबर



बस्तर जिले का वनांचल क्षेत्र धुड़मारास आज वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने के लिए तैयार दिखा। यूएन मेंटर और हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन के छह दिवसीय विशेष भ्रमण के चौथे दिन गुरुवार को यहाँ साहसिक पर्यटन के रोमांच और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता का एक अनूठा संगम देखने को मिला।

- धुड़मारास में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ग्राम उन्नयन की नई पहल

सुबह की पहली किरण के साथ ही कांगेर नाले के तट पर कयाकिंग और राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का तकनीकी अवलोकन शुरू हुआ, जहाँ स्थानीय इको-डेवलपमेंट समितियों और वेंडरों ने विशेषज्ञों के साथ मिलकर एडवेंचर टूरिज्म के सुरक्षित संचालन और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। कांगेर नाले की लहरों पर तकनीकी बारीकियों को समझने के साथ ही यह स्पष्ट हो गया कि धुड़मारास जल्द ही देश के प्रमुख एडवेंचर हब के रूप में उभरेगा। कांगेर नाले के तट पर तकनीकी निरीक्षण के पश्चात दिन का दूसरा सत्र नीतिगत विमर्श और वैश्विक विजन के नाम रहा। इस दौरान भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय और छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पर्यटन ढांचे पर अपनी महत्वपूर्ण प्रस्तुतियाँ साझा कीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन का संबोधन रहा, जिन्होंने यूएन बेस्ट टूरिज्म विलेज अपग्रेड प्रोग्राम के माध्यम से स्थानीय हितधारकों को वह वैश्विक मंत्र दिया, जिससे धुड़मारास जैसे गांवों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम की श्रेणी में लाया जा सके।

### क्षेत्रीय पहचान तक सीमित नहीं रहेगा

कार्यक्रम के अंतिम चरण में स्थानीय समुदाय और पर्यटन क्षेत्र के हितधारकों के साथ एक संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में भविष्य की योजनाओं को लेकर ग्रामीणों के उत्साह और विशेषज्ञों के सुझावों ने इस पूरे दौरे को एक नई सार्थकता प्रदान की। दोपहर के भोजन से पूर्व एक औपचारिक विदाई बैठक के साथ धुड़मारास के इस महत्वपूर्ण पड़ाव का समापन हुआ। स्थानीय बस्तर के पारंपरिक आतिथ्य सत्कार और विश्व स्तरीय विजन के इस मेल ने यह विश्वास जगाया है कि बस्तर का यह अंचल अब केवल क्षेत्रीय पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए एक अनिवार्य गंतव्य बनेगा।

# स्वच्छता, विकास और जनसुविधा के कार्यों को दें प्राथमिकता : पाण्डेय



**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे ने आज शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम की टीम, एमआईसी मेंबर एवं पार्षदगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने लालबाग स्थित झीरम घाटी शहीद स्मारक परिसर पहुंचकर मरम्मत कार्यों एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह स्थल शहीदों की स्मृति से जुड़ा हुआ है इस कारण इसकी गरिमा के अनुरूप रखरखाव किया जाए तथा नियमित स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड अंतर्गत मोहन नगर में 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाली पुलिया का भूमिपूजन किया गया। इस पुलिया के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, ▶▶ शेष पेज 10 पर

- महापौर ने किया विभिन्न कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि

कार्यालय कांकेर में भर्ती

पत्रकारिता के क्षेत्र में सुनहरा अवसर

रिक्त पद

सीनियर रिपोर्टर - 01 पद

समाचार लेखन में 3-4 वर्ष का अनुभव अनिवार्य


जूनियर रिपोर्टर - 01 पद

समाचार लेखन में 1-2 वर्ष का अनुभव आवश्यक

संपर्क करें - 7000955574

# पीएमश्री शाला देऊरगांव पहुंचे केंद्रीय संयुक्त सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



विकासखंड तोकापाल अंतर्गत पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला देऊरगांव में नीति आयोग एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों का आगमन हुआ। केंद्रीय संयुक्त सचिव शोभित जैन एवं नीति आयोग की प्रतिनिधि नूपुर के साथ जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने शाला का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों के साथ बैठक कर 'न्यौता भोजन' में सहभागिता निभाई। अधिकारियों ने प्रत्येक कक्षा में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी शैक्षिक गुणवत्ता का आकलन किया। कक्षा चौथी एवं पांचवीं के विद्यार्थियों ने 29, 32 एवं 34 का पहाड़ा सुनाया तथा वाद्य यंत्रों पर राष्ट्रगान की धुन प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। बच्चों की प्रतिभा,अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना ▶▶ शेष पेज 10 पर

- हरित विद्यालय मॉडल और सौंदर्यीकरण की सराहना की

# घरेलू हिंसा,लैंगिक उत्पीड़न और मानव तस्करी पर कार्यशाला



**जगदलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं संरक्षण को लेकर बस्तर जिला पंचायत स्थित सभा कक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की विषय-वस्तु घरेलू हिंसा कानून, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम तथा महिलाओं और बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम रही। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सिन्हा,महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि यह कार्यशाला विभिन्न विभागों के समन्वय से आयोजित की गई है, जिसमें जिला पंचायत विभाग,पुलिस विभाग,श्रम विभाग और समाज कल्याण विभाग शामिल ▶▶ शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप

### राज पर एसपी ने घोषित किया 5 हजार का ईनाम



**नारायणपुर।** एसपी ने राज धनेलिया की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को पांच हजार का ईनाम देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक ने जिले के थाना में अपराध क्रमांक 90/2025 धारा 64,62,2 एम , 65, 1 भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं धारा 04, 06 लैगिंग अपराधों से बालकों का संरक्षक अधिनियम 2012 के अंतर्गत फरार अभियुक्त नाम राज धनेलिया उर्फ़ तीर्थराज पिता दुर्गा प्रसाद धनेलिया उम्र 25 वर्ष निवासी साईकटटा थाना भानुप्रतापपुर जिला कांकेर की सूचना देने वाले व्यक्ति को 5000 रुपए का ईनाम देने की घोषणा की है।

### महिला कृषकों को आधुनिक खेती और निर्यात के लिए किया प्रशिक्षित

**कोण्डागांव।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के मार्गदर्शन में उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, चिखलपुटी में कृषि एवं निर्यात संवर्धन पर एक दिवसीय कार्यशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एपीईडीए, रायपुर के एसोसिएट अशोक कुमार बोरा तथा जिला मिशन प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान विनय सिंह की विशेष उपस्थिति रही। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में कृषि उत्पादों एवं लघु वनोपज के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं निर्यात क्षमता को बढ़ावा देना रहा। प्रशिक्षण में जिले के पांचों विकासखंडों से कृषि सखी एवं पशु सखी शामिल हुईं। विशेषज्ञों द्वारा किसानों को विभिन्न फसलों की वैज्ञानिक खेती, मौसम के अनुसार फसल चयन, उत्पादन वृद्धि के उपाय तथा व्यापारिक स्तर पर क्रय–विक्रय की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

### गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगे शिक्षकों को मूल पदस्थापना पर लौटाने का आदेश

**केशकाल।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय (महानदी भवन) नवा रायपुर अटल नगर ने 28/02/2024 क़ो संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा समस्त संभागायुक्त छत्तीसगढ़, समस्त कलेक्टर छत्तीसगढ़, समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ़ आदि क़ो गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना हेतु कार्यमुक्त किये जाने के संबंध में आदेश प्रसारित किया गया।

सर्व विदित हो राज्य शासन को बहुधा यह शिकायत प्राप्त होती है कि विभाग के शिक्षक संवर्ग के कर्मचारी गैर शिक्षकीय कार्य हेतु विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थासंलग्न है। गैर शिक्षकीय संलग्नीकरण से शिक्षण का कार्य प्रभावित होता है। निर्देशानुसार गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न सभी शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों का संलग्नीकरण तत्काल समाप्त किया।

# लघुवनोपज संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने फावड़ा चलाकर दिया बूटा कटाई का प्रशिक्षण

## तेंदूपत्ता शाखकर्तन पर हुई कार्यशाला, हितग्राहियों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

तेंदूपत्ता उत्पादन और साफ पत्तों का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से वन मण्डल केशकाल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र फरसगांव के निस्तार डिपो में बुधवार को तेंदूपत्ता शाखकर्तन प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में छग राज्य लघुवनोपज संघ के प्रदेश अध्यक्ष रूपसाय सलाम शामिल हुए। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएफओ दिव्या गौतम ने की। कार्यक्रम में वन मण्डल केशकाल अंतर्गत फरसगांव, बड़ेडोगर, केशकाल और बड़ेराजपुर रेंज के हितग्राही, वन समिति के अध्यक्ष, सदस्य व फड़ मुंशियों को तेंदूपत्ता के सम्बन्ध में व गुणवत्ता के बारे में बताया गया। तेंदूपत्ता शाखकर्तन बूटा कटाई से होने वाले फायदों की जानकारी दी गई।

इस दौरान केशकाल स्थानीय जनप्रतिनिधि, सभी रेंजर , डिप्टी रेंजर, वनपाल , वनरक्षक सहित हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में मुख्यातिथि ने खुद फावड़ा चलाकर सही तरीके से बूटा कटाई करने का प्रशिक्षण दिया।




### ये रहे उपस्थित

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशान्त पात्र, गणेश दुग्गा, सुकलाल मरकाम, झारीराम सलाम,रेंजर फरसगांव आरएस यादव, रेंजर बड़ेडोगर आर एस ठाकुर, रेंजर बड़ेराजपुर फिरोज खान सहित द्वारिका नाईक, मोहन नाग, यशवंत नायक, गजेंद्र नाईक, मानसिंह, डोमार सिंह नेताम, गुदराम मरकाम , श्रवण नेताम, रतन नेताम सहित वन विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## नियद नेल्लानार योजना: मोटर साइकिल से पहुंची नम्रता अंतिम गांव में

# अबूझमाड़ के अंतिम छोर तक पहुंचा 'सुशासन आपके द्वार', कलेक्टर भी पहुँची जटवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

राज्य शासन की प्राथमिकता वाली 'नियद नेल्लानार योजना और 'सुशासन आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन ने अबूझमाड़ के अत्यंत संवेदनशील और दूरस्थ क्षेत्रों में विकास की नई किरण पहुँचाई है। कलेक्टर नम्रता जैन स्वयं मोटरसाइकिल से दुर्गम पहाड़ों, घने जंगलों और नदी-नालों को पार कर जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम तोके ,कोड़ेनार और जटवर का दौरा किया। नियद नेल्लानार योजना के तहत प्रशासन की यह पहुँच नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और विश्वास की बहाली की दिशा में एक कदम है।

- ग्रामीणों को बांटी गई दैनिक उपयोग की सामग्री

ग्राम पंचायत घमंडी के आश्रित ग्राम जटवर में पहली बार आयोजित जिला स्तरीय शिविर 'सुशासन आपके द्वार' अभियान का आयोजन हुआ । ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं को सुना और स्पष्ट किया कि शासन की मंशा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर देते हुए कोड़ेनार, तोके और घमंडी पंचायत के सभी आश्रित ग्रामों में नए आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक शालाएं खोलने की बात कही । घमंडी के उस 'शिक्षा दूत' शिक्षक की भी सराहना की, जो कठिन परिस्थितियों में गाँव के पहले स्कूल का संचालन कर रहे हैं।



'नियद नेल्लानार' योजना के तहत बुनियादी सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करते हुए शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहाँ ग्रामीणों के 158 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इस दौरान 21 राशन कार्ड, 34 नरेगा जॉब कार्ड, 60 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और 08 जाति प्रमाण पत्र सहित आधार व पेंशन कार्ड जारी किए गए।

कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड और पीएम-किसान कार्ड के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाया गया, वहीं जिला निर्वाचन कार्यालय ने नए मतदाताओं का पंजीकरण किया। कलेक्टर ने जटवर में साप्ताहिक बाजार प्रारंभ करने की मांग को शीघ्र पूर्ण करने का भरोसा दिलाया, जिससे स्थानीय ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा



### अबूझमाड़ का हर गाँव अब 'अच्छा गाँव' बनेगा

कलेक्टर ने पुलिस कैंप कोड़ेनार में ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की सामग्री और बच्चों को स्वेटर वितरित किए। उन्होंने महिलाओं को आधार और राशन कार्ड बनाने के लिए विभाग को निर्देशित किया एवं स्वास्थ्य विभाग की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरे में एसडीएम ओरछा डॉ. सुमित गर्ग, जनपद सीईओ लोकेश चतुर्वेदी एपीओ जिला पंचायत , उप संचालक कृषि,उप संचालक समाज कल्याण , स्वास्थ विभाग की टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। 'सुशासन आपके द्वार' के तहत किए गए इस प्रयास ने यह सिद्ध कर दिया है कि भौगोलिक चुनौतियाँ अब विकास के मार्ग में बाधा नहीं बनेंगी और ' नेल्लानार' के माध्यम से अबूझमाड़ का हर गाँव अब 'अच्छा गाँव' बनेगा।

# समय–सीमा बैठक में सम्पूर्णता अभियान की गहन समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई द्वारा सम्पूर्णता अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों एवं विभिन्न इंडिकेटर्स की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग निर्धारित समय–सीमा के भीतर शत–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सम्पूर्णता अभियान की सफलता नियमित मॉनिटरिंग, मैदानी अमले की सक्रियता तथा विभागों के आपसी समन्वय पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत अविनाश भोई ने निर्देशित किया कि जमीनी स्तर पर संचालित गतिविधियों की प्रतिदिन रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए तथा की गई कार्यवाही की सम्पूर्ण और समयबद्ध एंट्री पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। सीईओ ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ शेष लक्ष्यों की पूर्ति के लिए विशेष अभियान चलाएं तथा प्रत्येक गतिविधि से संबंधित फोटो, प्रगति विवरण एवं आवश्यक दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करें।

- नियमित मॉनिटरिंग और विभागीय समन्वय पर दिया जोर

**जिले को उत्कृष्ट बनाने के लिए सतत प्रयास का आह्वान :** अंत में कलेक्टर नूपुर ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि सम्पूर्णता अभियान को जन–जन तक पहुंचाते हुए जिले को सभी निर्धारित मानकों में उत्कृष्ट स्थान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने का आव्हान किया।

# जनगणना के प्रथम चरण के लिए हुआ दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कोण्डागांव।** जनगणना 2027 के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में जिले के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, ताकि जनगणना का कार्य पूरी पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्ध तरीके से संपन्न किया जा सके।

- मकान सूचीकरण एवं गणना को लेकर अधिकारियों–कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण

**प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं गणना की प्रक्रिया :** प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इस चरण में जिले के प्रत्येक मकान का विस्तृत विवरण संकलित किया जाएगा। इस बार जनगणना में डाटा संकलन पूर्णतः डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। प्रशिक्षण में फील्ड में डाटा संकलन, एचएलओ मोबाइल एप के माध्यम से प्रविष्टि, चार्ज अधिकारियों के दायित्व, तथा संभावित समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



**मास्टर ट्रेनर्स ने दी चरणबद्ध जानकारी :** प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना निदेशालय रायपुर से आए मास्टर ट्रेनर हिरेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना प्रक्रिया की चरणबद्ध एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, अश्वन पुसाम, आकांक्षा नायक सहित तहसीलदार, सीएमओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में धनोरा के डॉ. बरनवाल को मिली जिम्मेदारी

**धनोरा।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी में क्षेत्र के डॉ. अभय कुमार बरनवाल को चिकित्सा प्रकोष्ठ में प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।



डॉ. बरनवाल की नियुक्ति को क्षेत्र के युवाओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान का सम्मान बताया है। उनकी जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। वहीं संगठन के अनुसूचित जाति मोर्चा में कीर्तन शोरी को जिला कार्यसमिति सदस्य के रूप में स्थान दिया गया है। यह जिम्मेदारी मिलने पर समर्थकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा जताई है। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य किया जाएगा। क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने दोनों पदाधिकारियों की नियुक्ति को संगठन के विस्तार और स्थानीय नेतृत्व को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

# पीएम श्री योजना के मापदंडों के अनुरूप बनाएं स्कूल में व्यवस्थाएं : कमिश्नर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह ने मंगलवार को पीएमश्री विद्यालय, केशकाल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, अधोसंरचना और संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने विद्यालयीन स्टाफ की बैठक लेकर शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की।

उन्होंने शिक्षण की गुणवत्ता, उपलब्ध संसाधनों और आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए पीएम श्री योजना के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों पर चिंता जताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को शीघ्र पदपूर्ति करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

कम्प्यूटर सुविधा और ऑनलाइन उपस्थिति पर जोर उन्होंने विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, डीएमसी ईमल बघेल सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## जिलेभर में स्टार्टअप व उद्यमिता जागरूकता के लिए हो रही कार्यशालाएं

**कोण्डागांव।** व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोण्डागांव द्वारा जिले में नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ नवाचार एवं स्टार्टअप प्रोत्साहन नीति 2025–30 के व्यापक प्रचार–प्रसार के तहत किया जा रहा है। इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, आईटीआई के विद्यार्थियों, जमीनी स्तर के नवप्रवर्तकों, युवाओं, महिलाओं एवं संकाय सदस्यों को स्टार्टअप स्थापना, स्वरोजगार के अवसरों तथा शासन की विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है।

**तीन तिथियों में होंगी कार्यशाला :** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टार्टअप एवं उद्यमिता जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन निम्न तिथियों में किया जाएगा। 25 फरवरी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केशकाल, 26 फरवरी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोण्डागांव, 6 मार्च शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय कोण्डागांव इच्छुक प्रतिभागियों से सहभागिता की अपील जिले के इच्छुक युवक–युवतियों, विद्यार्थियों एवं नवप्रवर्तकों से अपील की गई है कि वे इन कार्यशालाओं में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर स्टार्टअप एवं उद्यमिता से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करें तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं।

## कोंडागांव सहित प्रदेश के शिल्पकारों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाई कला

# आईएचजीएफ दिल्ली फेयर 2026 में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्प बिखेरती रही विशेष चमक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नई दिल्ली केइंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित आईएचजीएफ दिल्ली फेयर 2026 में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक हस्तशिल्प ने देश–विदेश के खरीदारों का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मेले का आयोजन ईपीसीएच द्वारा किया गया। मेले में भारत सहित अमेरिका, यूरोप, मध्य–पूर्व और एशिया के कई देशों से आए हजारों होलसेल बायर एवं लगभग 3000 से अधिक निर्यातक अपने उत्पादों के साथ शामिल हुए। मेले के दौरान पसंद आए उत्पादों के लिए मौके पर ही मूल्य तय कर बड़े पैमाने पर ऑर्डर भी दिए गए। झिटकू मटकी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कोंडागांव के माध्यम से छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्पकारों ने अपने हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया। कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी तथा जिला प्रशासन की पहल से शिल्पकारों को यह अंतरराष्ट्रीय अवसर मिला। धमतरी के काष्ठ शिल्पी उमेश साहू ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय मेले में भाग लेना उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि विदेशी खरीदारों से सीधे संवाद के माध्यम से डिजाइन, फिनिशिंग और पैकेजिंग की वैश्विक मांग को समझने का अवसर मिला, जिससे भविष्य में निर्यात की संभावनाएं मजबूत होंगी। मेले के दौरान छत्तीसगढ़ शिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने भी शिल्पकारों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया।शिल्पकारों ने कहा कि यदि पारंपरिक शिल्प को आधुनिक डिजाइन और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के अनुरूप प्रस्तुत किया जाए, तो छत्तीसगढ़ की कला विश्व बाजार में अलग पहचान बना सकती है। यह आयोजन न केवल कला प्रदर्शन का मंच बना, बल्कि शिल्पकारों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ।



**पद्मश्री एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पकारों की रही सहभागिता –** मेले में प्रमुख रूप से पंडी राम मंडावी, काष्ठ शिल्पी उमेश साहू, ढोकरा कला के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त पंचू राम सागर, रामलाल मंडावी, बांस शिल्पी मनमोहन नाग, रॉट आयरन शिल्पी नंदलाल मरकाम, भित्ति चित्रकार सरला यादव एवं संतोषी यादव सहित कुल 12 शिल्पकारों ने भाग लिया।

पेज 9 के शेष

### स्वच्छता, विकास और...

वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा आसपास के मोहल्लों का संपर्क सुगम होगा।

**उपयुक्तता का किया परीक्षण :** भूमि की स्थिति, उपयोगिता एवं भविष्य की योजनाओं के अनुरूप उपयुक्तता का परीक्षण किया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित शासन की योजना सियान सदन के क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण किया गया।

### पीएमश्री शाला देऊरगांव...

करते हुए अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निरीक्षण के दौरान शाला परिसर की स्वच्छता,पेयजल, शौचालय व्यवस्था, खेल-सामग्री और पीएमश्री की थीम 'ग्रीन स्कूल हरित विद्यालय के अंतर्गत किए गए सौंदर्यीकरण को विशेष रूप से सराहा गया।

**ये रहे उपस्थित :** शाला में उपस्थित अधिकारियों में जिलाधीश आकाश छिकारा,जिला पंचायत के सीईओ प्रतीक जैन, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल,डीएमसी अशोक पांडे, एपीसी राकेश खापर्डे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम, खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण ठाकुर सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### घरेलू हिंसा,लैंगिक ...

हुए। प्रतिभागियों में जेंडर मास्टर ट्रेनर संगवारी जेंडर रिसोर्स सेंटर एनआरएलएम के क्रेडर,नारी अदालत समिति के सदस्य,सखी वन स्टॉप सेंटर एवं हब के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस विभाग से उपस्थित थाना प्रभारी माधुरी नायक के द्वारा अभिव्यक्ति एप,मानव तस्करी एवं जीरो एफआईआर पर शिकायत की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। संरक्षण अधिकारी वीनू हिरवानी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण को जमीनी स्तर पर मजबूत करना ही इस आयोजन का लक्ष्य है। श्रम विभाग से विषय विशेषज्ञ ने भी मानव तस्करी पर विस्तार से जानकारी दी। संपूर्ण कार्यक्रम संरक्षण अधिकारी वीनू हिरवानी द्वारा प्रेजेन्टेशन के माध्यम से संचालित किया गया और उपस्थित प्रतिभागियों से टोल फ्री महिला हेल्पलाइन नंबर 181, डायल 112 और 1098 के अधिकाधिक उपयोग का आग्रह किया गया।

## खबर संक्षेप

### बजट ओपी, जनता को पहनाया टोपी : अनिल

**गीदम।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत हालिया बजट को लेकर कांग्रेस नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गीदम अध्यक्ष अनिल कर्मा ने बजट को जनता को गुमराह करने वाला दस्तावेज बताया है।



अनिल कर्मा ने कहा कि यह बजट पूरी तरह कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने वाला है, जबकि आम जनता, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के हाथ निराशा ही लगी है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया था, लेकिन इस बजट में भी रसोई गैस की कीमतों को कम करने का कोई प्रावधान नहीं किया गया। महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन आम परिवारों को कोई राहत नहीं दी गई। यह बजट सिर्फ कागजों में विकास दिखाने वाला है, जमीन पर इसका असर शून्य रहेगा। भाजपा सरकार ने बार-बार बड़े वादे किए, लेकिन हर बार जनता को सिर्फ टोपी पहनाई।

### दोषी अधिकारी पर हो कठोर कार्यवाही

**गीदम।** कार्यालय भू-अभिलेख शाखा, जिला कार्यालय दंतेवाड़ा में पदस्थ सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख गोवर्धन साहू द्वारा शासकीय कार्य के दौरान एक शिक्षक के साथ की गई गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार की घटना से संपूर्ण शिक्षक समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है।



शालेय शिक्षक संघ ने इस घटना को अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण एवं अस्वीकार्य बताते हुए दोषी अधिकारी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की मांग की है। शालेय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि आंतरिक रूप से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु चल रहे सर्वे कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख गोवर्धन साहू के नेतृत्व में लगाई गई थी। 3 फरवरी 2026 को बालक छात्रावास, ग्राम मेहता कोंटा में रात्रि भोजन के दौरान शिक्षक गजलू पोडियाम के साथ भोजन व्यवस्था को लेकर सामान्य चर्चा के बीच द्वारा अमर्यादित भाषा, अशोभनीय टिप्पणी एवं खुलेआम गाली-गलौज की गई। इस घटना का साक्ष्य जिलाधीश को प्रस्तुत किया जा चुका है। उपलब्ध प्रमाण स्पष्ट दर्शाते हैं कि संबंधित अधिकारी ने अपने पद एवं प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए न केवल एक शिक्षक का अपमान किया, बल्कि पूरे शिक्षक समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाई है।

### बजट में दंतेवाड़ा क्षेत्र के लिए विकास की नई सौगातः राजेश

**गीदम।** जिला मीडिया प्रभारी दंतेवाड़ा राजेश कश्यप ने कहा कि इस बजट में दंतेवाड़ा क्षेत्र एवं बस्तर संभाग के समग्र विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।



क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों के लिए विशेष राशि स्वीकृत की गई है, जिससे दूरस्थ ग्रामों को मुख्य मार्गों से जोड़ा जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में नवीन विद्यालय भवन, छात्रावास एवं डिजिटल शिक्षा सुविधाओं के विस्तार का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु जिला अस्पताल के उन्नयन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधनों की वृद्धि तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु बजट प्रावधान किए गए हैं। कृषि एवं सिंचाई के लिए लघु सिंचाई योजनाओं, नलकूप निर्माण तथा किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों पर अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। युवाओं के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों एवं रोजगारपरक योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी संगठन ने इस जनहितैषी एवं विकासोन्मुख बजट का स्वागत करते हुए कहा है कि यह बजट अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का कार्य करेगा। भाजपा संगठन का विश्वास है कि दंतेवाड़ा क्षेत्र में अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# संयुक्त सड़क सुरक्षा समिति ने दुर्घटना संभावित स्थलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- स्थलों पर लगाए जाएंगे स्पीड ब्रेकर और सावधानी सूचक बोर्ड, साथ ही अन्य सुरक्षा व्यवस्था भी की जाएगी



जिला परिवहन कार्यालय से दी गई जानकारी अनुसार संयुक्त सड़क सुरक्षा समिति द्वारा आज नगरीय क्षेत्र अंतर्गत दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आरटीओ, यातायात पुलिस, नगरपालिका तथा लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के अधिकारी उपस्थित रहे। प्राप्त सूत्रों के अनुसार कलेक्टर के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस क्रम में दुर्घटना संभावित स्थलों पर स्पीड ब्रेकर एवं रंबल स्ट्रिप्स के अलावा सावधानी सूचक बोर्ड, जेब्रा क्रॉसिंग, सड़क चिह्नांकन एवं यातायात संकेतक स्थापित किए जाएंगे तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाने, आवश्यकता अनुसार विद्युत पोल स्थानांतरित करने तथा यात्री प्रतीक्षालयों में यात्रियों की सुविधा हेतु रैंप एवं सीढ़ियों के निर्माण के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त खुली नालियों एवं मैनहोल को ढकने तथा खराब स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र दुरुस्त करने हेतु संबंधित विभागों त्वरित कार्यवाही करने को कहा गया।

उल्लेखनीय है कि सड़क सुरक्षा संबंधित बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयावधि में आवश्यक सुधार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं, ताकि नगरीय क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

## सीआरपीएफ 211 बटालियन का सिविक एक्शन कार्यक्रम

# 236 ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- स्कूली बच्चों को दिए गए स्कूल बैग, यूनिफॉर्म, नोटबुक, पेन-पेंसिल बॉक्स





जिला बीजापुर के जांगला थाना क्षेत्र अंतर्गत जेवारम कैंप में तैनात सीआरपीएफ 211 बटालियन द्वारा नक्सल विरोधी अभियान के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को निभाते हुए सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था।

कार्यक्रम का आयोजन कमांडेंट के निर्देशन में द्वितीय कमान अधिकारी आलोक अवस्थी की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान सीएमओ-214 बटालियन डॉ. स्रोत गुप्ता, शासकीय अस्पताल भैरमगढ़ के चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजेश्वर नेताम, थाना प्रभारी जांगला, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, स्कूलों के प्रधानाध्यापक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सिविक एक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवारम, गदमाली एवं बड़े तुंगाली के आश्रित गांवों के जरूरतमंद लोगों को पानी की टंकी, सोलर लालटेन, बर्तन, स्टील प्लेट, गिलास, साड़ी, लुंगी, कंबल, चप्पल आदि सामग्री वितरित की गई। स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, यूनिफॉर्म, नोटबुक, पेन-पेंसिल बॉक्स तथा युवाओं को वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट, फुटबॉल और क्रिकेट सेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के साथ ही निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 236 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर का लाभ उठाकर ग्रामीणों ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया। द्वितीय कमान अधिकारी आलोक अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि सीआरपीएफ क्षेत्र में सुरक्षा के साथ-साथ जनकल्याण के कार्यों के लिए भी प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों की सहायता की जाती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सीआरपीएफ के इस प्रयास की सराहना करते हुए जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बच्चों को मिला आत्म-सुरक्षा व बाल अधिकारों का मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

- बच्चों के सुरक्षा एवं अधिकार के लिए जागरूकता अभियान

जिला प्रशासन, यूनिसेफ, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं बीजादूतीर के संयुक्त तत्वावधान में भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोतापल्ली स्थित प्राथमिक विद्यालय में बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं आत्म-सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना था। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत बाल संरक्षण पर आधारित लघु फिल्म कोमल के प्रदर्शन से हुई। फिल्म के माध्यम से बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बीच का अंतर सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। बच्चों को यह संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार का असहज स्पर्श होने पर वे चुप न रहें, बल्कि तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। बीजादूतीर स्वयंसेवकों द्वारा बच्चों को बाल अधिकारों, शिक्षा के महत्व एवं आत्म-सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालय में स्थापित पॉक्सो बॉक्स के बारे में बताते हुए बच्चों को अपनी समस्याओं या शिकायतों को बिना डर दर्ज करने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को बाल श्रम के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए शिक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश भी दिया गया।

# कलेक्टर ने चल रहे निर्माण कार्यों का पुनः निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा आज दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम गामावाड़ा से मसेनार 3 किमी एवं धुरली मरकानार 3.75 किमी तक निर्माणाधीन सीसी सड़क का पुनः निरीक्षण करते हुए कार्य प्रगति की जानकारी ली और कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस क्रम में उन्होंने मरकानार मुंडीपारा में वीसीडब्ल्यू पुलिया निर्माण के प्रस्ताव पर अधिकारियों से चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि एसएच-5 से 3 किलोमीटर दूर मोलसनार ग्राम पंचायत से बहने वाली लाल नदी में पुल निर्माण की मांग स्थानीय ग्रामीणों द्वारा की जाती रही है। साथ ही पुल न होने से वर्षा के दिनों में मरकानार और मुंडीपारा के ग्रामीणों को भारी असुविधा होती थी। इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा यहां पुल निर्माण की पहल की गई है। इस क्रम में आज कलेक्टर ने खालेपारा में डीपीआर के अंतर्गत प्रस्तावित पुल निर्माण को लेकर एसडीओ के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को शीघ्र अनुमानित लागत प्रस्ताव प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा, जिससे बचे कार्य जल्द प्रारंभ किए जा सकें। इसके अलावा उन्होंने सभी कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने और गुणवत्ता बनाए रखने को भी कहा। इसके पश्चात कलेक्टर ने किरंदुल में निर्माणाधीन आस्था-2 विद्या मंदिर के स्थल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों और कार्य एजेंसियों से वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा अब तक हुए कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले सभी आवश्यक और महत्वपूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि बारिश के कारण कार्य प्रभावित न हो।

उन्होंने निर्माण की गति तेज करने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए, जिससे समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा किया जा सके। साथ ही उन्होंने स्थल पर कार्यरत एजेंसियों की संख्या और उनके दायित्वों के बारे में भी विस्तार से जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

### ऐतिहासिक फागुन मेला मड़ई स्थल का अवलोकन

मौके पर कलेक्टर ने जिले के ऐतिहासिक फागुन मेला मड़ई स्थल का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन की संख्या तथा वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने अवगत कराया कि फागुन मेला मड़ई में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है, जिसके मद्देनजर व्यापक प्रबंध किए जाते हैं। इस पर कलेक्टर ने सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने आगजनी की किसी भी संभावित घटना से निपटने हेतु फायर ब्रिगेड की समुचित व्यवस्था रखने तथा पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# अध्यक्ष ने बैंक के भीतर जाकर हाल जाना और की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावण्ड

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने आज बैंक परिसर करपावण्ड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बैंक के भीतर जाकर वहां का हाल जाना। उन्होंने बैंक के अधिकारियों से किसानों के लिए किए जा रहे प्रयासों पर पूछताछ की। भवन को सर्वसुविधायुक्त बनाने तथा वर्तमान में कम जगह होने से किसानों के बैठने के लिए होने वाली असुविधाओं को जाना और इस संबंध में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैंक शाखा प्रबंधक अपराजिता ठाकुर तथा समिति प्रबंधक महेश देवांगन एवं अन्य लोगों ने काफी बड़ा क्षेत्र होने से जगह की कमी की बात कही।

### बस्तर के विकास को नई गतिः नितेश

**गीदम।** भाजपा जिला सोशल मीडिया सहप्रभारी ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार के बजट 2026-27 में विकास की व्यापक और संतुलित रूपरेखा सामने आई है।



नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम बजट, जो लगभग 5 हजार करोड़ रुपए का था, की तुलना में वर्तमान बजट का आकार 35 गुना बढ़कर 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए तक पहुँच गया है। यह वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बजट में विशेष रूप से बस्तर एवं सरगुजा क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। बजट में दंतेवाड़ा की एजुकेशन सिटी की तर्ज पर अबूझमाड़ और जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, रोजगार आधारित कृषि सेक्टर एवं एग्रो-फॉरेस्ट प्रोसेसिंग के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कुनकुरी, मनेन्द्रगढ़ और दंतेवाड़ा में मेडिकल के संचालित हेतू कॉलेजों के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की उम्मीद है। कृषि विकास को गति देने के उद्देश्य से कई प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं को बजट में शामिल किया गया है।

### जगरगुड़ा बनेगा एजुकेशन सिटीः बस्तर के भविष्य को नई दिशा

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ राज्य के बजट 2026-27 में सुकमा जिले के जगरगुड़ा को एजुकेशन सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप एवं बस्तर सांसद महेश कश्यप के प्रति आभार व्यक्त किया है।



कहा कि जगरगुड़ा जैसे दूरस्थ और पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एजुकेशन सिटी की स्थापना का निर्णय बस्तर अंचल के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा अपने ही जिले में उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। प्रस्तावित एजुकेशन सिटी के अंतर्गत विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान तथा कौशल विकास केंद्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया ने कहा कि यह पहल न केवल शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी। शिक्षा संस्थानों की स्थापना से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे क्षेत्र में विकास की गति तेज होगी।

# सिंचाई और पर्यटन को मिलेगा अभूतपूर्व बलः गागड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वर्ष 2026-27 के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट में बीजापुर जिले के लिए ऐतिहासिक घोषणा की गई। जिले की जीवनरेखा कही जाने वाली इन्द्रावती नदी पर स्थित मट्टीमरका क्षेत्र में 110 करोड़ रुपये का बजट डायवर्सन स्वीकृत किया गया है। यह राशि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और पर्यटन विकास को गति देने के उद्देश्य से प्रदान की गई है। यह घोषणा बीजापुर जैसे सुदूर वनांचल और आदिवासी बहुल जिले के लिए विकास का नया अध्याय मानी जा रही है।



सिंचाई को मिलेगा सशक्त आधार - पूर्व मंत्रीमट्टीमरका परियोजना के तहत इन्द्रावती नदी के जल का बेहतर उपयोग कर आसपास के कृषि क्षेत्रों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे स्थानीय किसानों को वर्षभर खेती की संभावना बढ़ेगी, फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। लंबे समय से सिंचाई संसाधनों की कमी झेल रहे ग्रामीण अंचलों के लिए यह बजट बड़ी राहत लेकर आया है।

बीजापुर जिला प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, घने वन, ऊंचे पहाड़, कल-कल बहती नदियां और मनोहारी दृश्य यहां की पहचान हैं। मट्टीमरका क्षेत्र में पर्यटन अवसंरचना के विकास से इन्द्रावती नदी के किनारे प्राकृतिक पर्यटन, ईको-टूरिज्म और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने इस ऐतिहासिक बजट प्रावधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राशि बीजापुर के चहुंमुखी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि पर्यटन और सिंचाई दोनों क्षेत्रों में यह निवेश जिले की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बीजापुर एक आदिवासी बहुल जिला है, जहां अब तक भौगोलिक विषमताओं और संसाधनों की कमी के कारण विकास की गति सीमित रही है। ऐसे में 110 करोड़ रुपये का यह प्रावधान न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का आधार भी बनेगा।

स्थानीय नागरिकों में इस घोषणा को लेकर उत्साह का माहौल है स्थानीय नागरिकों में इस घोषणा को लेकर उत्साह का माहौल हैं और उम्मीद की जा रही है कि मट्टीमरका परियोजना के क्रियान्वयन से बीजापुर आने वाले वर्षों में पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान हासिल करेगा और कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ेगा। बीजापुर के सुदूर वनांचल में विकास की यह नई किरण आने वाले समय में समृद्धि और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### होली पर 4 मार्च को बीजापुर में शुष्क दिवस

**बीजापुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, बीजापुर द्वारा होली पर्व के अवसर पर 4 मार्च जिस दिन रंग खेला जाएगा को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त तिथि को बीजापुर जिले में संचालित सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानें तथा एफएल-7 सैनिक कैंटीन पूर्णतः बंद रहेंगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि 4 मार्च को मदिरा का संपूर्ण विक्रय एवं संचारण प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर के निर्देश के परिपालन में लिया गया है। प्रशासन ने संबंधित विभागों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## गुमा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं संजीव कुमार दास पिता श्री बलराम दास निवासी दन्तेश्वरी विहार कॉलोनी कोण्डागाँव जो कि एजेंसी प्रोजेक्शन के अन्तर्गत एच.डी.एफ.सी. बैंक के लिए कलेक्शन एजेंट का कार्य करता हूँ , जिसके लिए एच.डी.एफ.सी. बैंक ने मुझे आई.डी. कार्ड प्रदान किया था। जो कि ऑफिस आते हुए ऑलबेड़ा रोड में कहीं गिर के गुम हो गया है। जिसकी सूचना थाना कोण्डागांव (छ.ग.) में दी गई है। **आई.डी. कार्ड का नंबर 25076632070617 है।**

**अगर किसी व्यक्ति को यह आई.डी. कार्ड मिलता है तो 9131935338 नंबर पर संपर्क कर सूचित करें।**

दिनांक - 25-02-2026
स्थान - कोण्डागांव

**संजीव दास**
**दन्तेश्वरी विहार कॉलोनी**
**कोण्डागाँव**

## न्यायालय तहसीलदार बस्तर जिला बस्तर छ.ग.

रा.प्र.क्रं. / / अ-21( )/24-25

### उद्घोषणा

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समरेन राय पिता विनोद राय जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम राजेन्द्र नगर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा ग्राम बस्तर प.ह.नं. 05 रा.नि.म. बस्तर स्थित भूमि ख.नं. 386/35 रकबा 0.054 हे. में से 0.0224 हे. परिवर्तित भूमि को क्रेता के विष्णुपद राय पिता विनोद राय जाति क्षत्रिय निवासी आड़ावाल, जगदलपुर तहसील जगदलपुर के पक्ष में अंतरण किये जाने हेतु अनुमति आवेदन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जगदलपुर के अनुसार श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बस्तर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 26/02/2026 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

(मुहर) तहसीलदार
बस्तर



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मनीष बने बस्तर प्रभारी हरेश सहप्रभारी




**जगदलपुर।** भारतीय सिंधू सभा छत्तीसगढ़ से सिंधु दर्शन यात्रा लेह के लिए मनीष मूलचंदानी को बस्तर संभाग का प्रभारी एवं हरेश नागवानी को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। विनीता भावनानी जी भारतीय सिंधु सभा राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी छत्तीसगढ़ तथा प्रदेश अध्यक्ष लधाराम नैनवानी की सहमति व अनुशंसा से यह नियुक्ति की गई।

### बद्रीनाथ बने जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण सचिव

**जगदलपुर।** बद्रीनाथ जोशी को जिला कांग्रेस सचिव ग्रामीण का



दायित्व सौपे जाने से संगठन मे हर्ष है। इससे पुर्व ब्लाक उपाध्यक्ष करपावंड, सेक्टर प्रभारी के रूप में उन्होंने समर्पण, नेतृत्व क्षमता, और संगठन कौशल का परिचय दिया उसके मार्गदर्शन मे अनेक महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए है। उनके अनुभव और दुरदशिता से संगठन को निरंतर मजबूती मिली है।

### कमल और सुखराम का निलंबन बहाल




**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कमल झज्ज और सुखराम नाग के कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पणता और अनुशासन को देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दोनों के निलंबन को बहाल कर दिया गया है।

# नशा समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम घाट कवाली में 22 से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के शुरू के चार दिवस विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता गतिविधियों के साथ उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुए। महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं द्वारा नशा मुक्ति एवं स्वच्छता विषय पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामवासियों को नशे के दुष्प्रभावों एवं स्वच्छ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। शिविर का मुख्य विषय नशा मुक्ति रखा गया है। शिविर का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत गुलाब के पौधे भेंट कर किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सरपंच तामेश्वरी कश्यप, उप सरपंच चम्पा मौर्य, सचिव पीला सिंह ठाकुर, ग्राम सभा अध्यक्ष मोहंती कश्यप, पंच परशुराम कश्यप, जुगल बघेल, त्रिनाथ निषाद, हिरदुराम कश्यप, ग्राम प्रमुख श्याम सुंदर कश्यप तथा रोजगार सहायक चैतन राम कश्यप सहित संस्था के प्राचार्य एसके त्रिवेदी, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वयंसेविकाओं द्वारा हम होंगे कामयाब गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम अधिकारी सुषमा देवांगन ने नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में संपन्न हुई गतिविधियां

### विद्यार्थियों के लिए हुआ खुला मंच

इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं द्वारा सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया गया तथा प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों के साथ भोजन साझा किया गया। इस दौरान बच्चों के साथ आत्मीय एवं आनंदमय समय व्यतीत किया गया, जिससे शिविर में सामाजिक समरसता एवं स्नेह का वातावरण निर्मित हुआ। लेक्चरर अल्का तिवारी द्वारा प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों के लिए एक खुला मंच (ओपन माइक) आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व एवं नशा मुक्ति के संदेश से भी अवगत कराया गया।




### स्वच्छता अभियान चलाया

स्वयंसेविकाओं द्वारा ग्राम में सर्वेक्षण कार्य किया गया, जिसके माध्यम से ग्रामवासियों की सामाजिक एवं जागरूकता संबंधी स्थितियों की जानकारी एकत्रित की गई। इसके पश्चात स्वयंसेविकाएं शाला पहुंचीं, जहां उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से मार्गदर्शन दिया तथा उनके साथ संवाद स्थापित किया। विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

## करपावण्ड बैंक में 38 किसानों ने 82 लाख 55 हजार किया डिपॉजिट

# कांग्रेस के समय कर्ज में मरता था किसान अब बैंक में कर रहा एफडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर 14 फरवरी से 15 मार्च तक अमानत पखवाड़ा मना रहा है, जिसके तहत 26 फरवरी को करपावण्ड सहकारी बैंक में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य अधिकारी पहुंचे। जहां बैंक अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने किसानों को सम्बोधित करते कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान हैं इसलिए केन्द्र और राज्य की सरकार किसानों को समृद्ध करने के लिए तमाम तरह की योजनाएं ला रही है। 31 00 रूपए में धान खरीदा जा रहा है जिससे किसानों की आमदनी बढ़ी है और किसान समृद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस साल बस्तर संभाग में 1 करोड़ 37 लाख 58 हजार क्विंटल धान खरीदा गया। 2 दिन बाद 28 फरवरी को सभी ब्लाक मुख्यालय में बोनस वितरण कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिल्हा में बटन दबाकर किसानों के खातें में 10 हजार करोड़ डालेंगे। इसमें बस्तर के किसानों के खाते में 1 हजार करोड़ आएगा।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के समय किसान कर्ज में पैदा होता था और कर्ज में मर जाता था। आज स्थिति यह है कि किसान बैंक में अपने परिवार के भविष्य के लिए एफडी करवा रहे हैं। आज 82 लाख और कल बकावण्ड में 72 लाख किसानों ने फिक्स डिपॉजिट जमा किया। यह पहल से यह पता चलता है कि किसान अब समृद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार कृषि के अलावा अन्य कार्यों के लिए भी ऋृण दे रही है।

गौ पालन, मछली पालन, बकरी पालन सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेकर किसानों को अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर 38 किसानों ने 82 लाख 55 हजार डिपॉजिट जमा किया, जिन्हें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष बकावण्ड सोनबरी भद्रे, उपाध्यक्ष तरूण पांडे, जनपद सदस्य नवल भारती, महेन्द्र भारती, संतोराम कश्यप, भाजपा जिला मंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, सरपंच लखमुराम नेताम, उपसरपंच बंशीधर बघेल सहित बैंक के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके रजा, पर्यवेक्षक मनोज सिंह, शाखा प्रबंधक बकावण्ड अनंत प्रसाद पांडे, शाखा प्रबंधक करपावण्ड अपराजिता ठाकुर, आरके सूर्यवंशी, समिति प्रबंधक महेश देवांगन, अनंत भद्रे समेत बड़ी संख्या में कृषक मौजूद थे।

### 7 लैम्पस के 56 गांव के किसान शामिल

करपावण्ड बैंक प्रबंधक ने बताया कि 7 लैम्पस शाखा के अंतर्गत आते हैं, जिसमें 56 गांव के 11658 किसान परिवार है। इस बैंक में 8558 खातेदार हैं। केसीसी लोन के साथ हाउस लोन, कार लोन, पशुपालन, मछली पालन, तार फेसिंग समेत सभी तरह के लोन दिया जाता है, जो अन्य बैंक के ब्याज दर से कम है। केसीसी लोन में 0 प्रतिशत ब्याज, सीनियर सीटीजन को 1 प्रतिशत अधिक ब्याज दिया जाता है। शाखा प्रबंधक अपराजिता ठाकुर ने सभी का आभार माना। समिति प्रबंधक महेश देवांगन ने सभी 7 लैम्पस के अधिकारियों एवं किसानों की अधिकाधिक उपस्थिति के लिए समन्वय बनाकर प्रयास किया। यही कारण है कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और ग्रामवासी पहुंचे थे।

## बस्तर से श्रीवर ने भारतीय छात्र संसद में बनायी जगह



**जगदलपुर।** देश के विभिन्न राज्यों से आए दो हज़ार प्रतिभागियो मे से मात्र 45 प्रतिभागी चयनित हुए। बस्तर के राष्ट्रीय सम्मान पाने वाले श्री.राजबैदार श्रीवर सिंह ठाकुर पहले युवा साहित्यकार हैं। भारतीय छात्र संसद बीसीएस एक गैर-राजनीतिक राष्ट्रीय मंच है जो भारत के युवाओं को नेतृत्व, राजनीति और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सशक्त बनाता है। श्रीवर का लक्ष्य है बस्तर और छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय पहचान दिलाना। इस मंच ने बस्तर की आवाज़ के रूप मे श्रीवर सिंह को एक राष्ट्रीय युवा वक्ता की पहचान दी। छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए पुणे मे उन्हें राष्ट्रीय सम्मान से नवाज़ा गया। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के रहने वाले श्रीवर ने अपनी प्रतिभा के दम पर एक ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जिसने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित कर दिया है। पुणे में आयोजित प्रतिष्ठित 15 वीं राष्ट्रीय स्तर की भारतीय छात्र संसद के मंच पर श्रीवर का चयन होना कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। उन्होंने लगभग एक महीने तक चली सात चरणों की अत्यंत कठोर चयन प्रक्रिया, संवाद और मूल्यांकन को सफलता पूर्वक पार करते हुए देशभर के हजारों प्रतिभागियों के बीच अपनी जगह बनाई।

विश्व मानव विज्ञान दिवस पर सेमिनार का आयोजन

## जारवा जनजाति से बस्तर की अस्मिता तक विषयों पर चिंतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मानव शास्त्र विभाग विश्व मानव विज्ञान दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ पियूष रंजन साहू सुपरिटेंडिंग एंथ्रोपॉलजिस्ट एंड हेड ऑफ ऑफिस एंथ्रोपॉलजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया जगदलपुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवं छत्तीसगढ़ राजकीय गीत से किया गया, तत्पश्चात मानव शास्त्र विभाग से सहायक प्राध्यापक सुश्री रोशनी भट्ट द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा मानव शास्त्र विषय के महत्व पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता द्वारा मानव शास्त्र के विविध आयामों, प्रतियोगी परीक्षाओं में इसकी उपयोगिता तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में निवासरत जारवा जनजाति के



सामाजिक,सांस्कृतिक एवं धार्मिक जीवन पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने जीन शुद्धता, औपनिवेशिक संपर्क और बदलते सामाजिक प्रभावों पर भी गंभीर चर्चा की तथा बस्तर की खनिज संपदा एवं जनजातीय जीवन को स्वर्ग की संज्ञा दी।

मुख्य वक्ता के वक्तव्य के पश्चात मानव शास्त्र विभाग के बीए द्वितीय सेमेस्टर से शीतल ध्रुव एवं हिमानी बघेल द्वारा फॉरेंसिक मानव विज्ञान विषय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा जनजातीय नृत्य एवं जनजातीय वेशभूषा में रैंप वॉक किया गया,जिसमें मुरीया जनजाति, गोंड जनजाति,हल्बा जनजाति,धुरवा जनजाति एवं अबूझमाडिया जनजाति की पारंपरिक वेशभूषा प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम के अंत में मानव शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष घनश्याम ठाकुर द्वारा आभार प्रकट किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा मुख्य वक्ता को महाविद्यालय में स्थापित भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र का भ्रमण करवाया गया, जिसकी मुख्य वक्ता ने अत्यधिक सराहना की। इस कार्यक्रम में डॉ सुशील कुमार दत्ता, डॉ रानू मेश्राम, दिनेश कुमार दिवाकर, कल्पना मंडावी, चित्रलेखा कोड़ोपी, सुश्री तृप्ति मंडावी, हेमंत बघेल, ओम प्रकाश सिन्हा, खेमलाल देशमुख,सुश्री तुलसा मरकाम, आयुष नोतवानी उपस्थित रहे।

# बस्तर क्षेत्र के विकास का ध्यान रखा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर









भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने हर्ष जाहिर करते हुये कि इस बजट में बस्तर क्षेत्र के विकास का विशेष ध्यान रखा गया है। जो आने वाले समय में विकसित बस्तर के लिये मील का पत्थर साबित होगा। बस्तर के सर्वांगीण विकास को मजबूत आधार देने का ऐतिहासिक कार्य संकल्प बजट 2026 में किया गया है। पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत यह संकल्प बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारण्टी को पूरा करने और छत्तीसगढ़ को विकास की ऊचाईयों में पहुँचाते हुये 2047 तक विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

### किसान से युवा तक विकास का विजन

भाजपा जिला मंत्री रैतू राम बघेल ने कहा कि बजट एक सशक्त संकल्प-पत्र है, जिसमें किसान, महिला, युवा, गरीब और श्रमिक सभी वर्गों के लिए योजनाओं का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि बस्तर के युवाओं, किसानों और आदिवासी समाज को मुख्यधारा से जोड़ने की स्पष्ट सोच बजट में दिखाई देती है। खेल एवं युवा सशक्तिकरण के अंतर्गत "बस्तर ओलंपिक" के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाएगा।

### सड़क, सिंचाई और शिक्षा के लिए प्रावधान

पूर्वी मंडल उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि यह बजट शिक्षा,अधोसंरचना और संस्कृति के संतुलित विकास के माध्यम से बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ने की दूरदर्शी पहल है। सरकार ने नक्सल संवेदनशील क्षेत्रों में शिक्षा के विस्तार को प्राथमिकता देते हुए नारायणपुर के अबूझमाड़ और सुकमा के जगरगुंडा में 100-100 करोड़ रुपये की लागत से एजुकेशन सिटी स्थापित करने का निर्णय लिया है,जिससे सुदूर वनांचल के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। तिवारी के अनुसार कृषि और जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी बजट को ऐतिहासिक बताया गया है।

### पिछले बजटों की पुनरावृति

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष रमेश गोयल ने कहा कि पिछले बजट में कृषि अनुदान, धान खरीदी और ग्रामीण अधोसंरचना पर जो घोषणाएँ की गई थीं, उनमें से कई अधूरी रहीं। वर्तमान बजट में उन्हीं योजनाओं को पुनः पैकेजिंग कर प्रस्तुत किया गया है, लेकिन नई संरचनात्मक पहल का अभाव है। वास्तविक निवेश की वृद्धि मुद्रास्फीति की दर की तुलना में नगण्य है, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होने वाला नहीं है।

### विकास का मजबूत आधार

भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण सांखला ने कहा कि बजट बस्तर के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, सड़क, कनेक्टिविटी, पर्यटन, रोजगार और वन क्षेत्रों के विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यह बजट बस्तर को मुख्यधारा से जोड़ने और यहां के युवाओं, किसानों व वनवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### बस्तर की बदलेगी तकदीर

लोहंडीगुड़ा भाजपा ब्लॉक मीडिया प्रभारी भरत कश्यप ने कहा है कि प्रदेश यह बजट भविष्य संदर्भ में बस्तर को उत्साह से आगे बढ़ाने वाला है ,बस्तर में एजुकेशन सिटी के साथ हवाई सेवा एवं रोड नेटवर्क कनेक्टिविटी को बजट में रखने से निश्चित रूप से न केवल बस्तर की तस्वीर बदलेगी बल्कि या हौसला बढ़ाने वाला है। छत्तीसगढ़ के साथ बस्तर विकास के लिए सरकार दृढ़ संकल्प है। इस बजट में बस्तर और सरगुजा में डॉक्टरों की भर्ती जैसे महत्वपूर्ण बजट के साथ बेटियों,महिलाओं तथा युवाओं का खास ध्यान रखा गया है।

### बाहरी निवेशकों को लुभाने वाला बजट

जिला कांग्रेस कमेटी के व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र पटवा ने कहा बाहरी निवेशकों को लुभाने वाला यह बजट में छत्तीसगढ़ के स्थानीय व्यापारियों को झुनझुना पकड़ाया गया है। यह बजट सिर्फ और सिर्फ अपने पूंजिपतियों को लाभ पंहुचाने एवं मध्यम वर्ग व छोटे व्यापारियों की अनदेखी करने का यह बजट है व्यापार के क्षेत्र में राज्य को पीछे धकेलने वाला बजट है। जिसका जीता जागता उदाहरण बस्तर का सुपर स्पेशलिस्ट कॉन्टिनेंटल अस्पताल है जो कि अपने उद्योगपति मित्रों को सौंपने की तैयारी में है।




## बस्तर के नवाचार देख उत्साहित हुईं बिलासपुर की दीदियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एक्सपोजर विजिट में सीखीं इंटीग्रेटेड फार्मिंग की बारीकियां

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में आजीविका के नए आयाम गढ़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बिलासपुर जिले के बिल्हा ब्लॉक से आए 50 सदस्यीय दल ने बस्तर जिले का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित इस एक्सपोजर विजिट का मुख्य उद्देश्य बस्तर के जगदलपुर, लोहंडीगुड़ा और तोकापाल ब्लॉकों में संचालित सफल कृषि और पशुपालन मॉडल्स का गहन अध्ययन करना था। इस भ्रमण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित एक विस्तृत तकनीकी



सत्र से हुई, जहाँ पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर के क्रियान्वयन, किसानों के चयन की वैज्ञानिक प्रक्रिया और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बिलासपुर से आए प्रतिभागियों, समूह सदस्यों और कार्यालय स्टाफ को उप-समिति के कार्यों के साथ-साथ आजीविका सेवा केंद्रों द्वारा महिला किसानों को दिए जा रहे तकनीकी सहयोग की जानकारी दी गई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि कैसे एक व्यवस्थित कार्ययोजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बना सकती है।

सैद्धांतिक जानकारी प्राप्त करने के पश्चात दल ने क्षेत्र का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर संचालित गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। सदस्यों ने विशेष रूप से ब्रुडिंग सेंटर और उन्नत मुर्गी पालन की बारीकियों को समझा, जिसमें मुर्गियों के आहार प्रबंधन से लेकर टीकाकरण की महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके साथ ही दल ने क्लस्टर के भीतर मछली पालन और बकरी पालन जैसे आजीविका के पूरक माध्यमों का भी अध्ययन किया। भ्रमण के दौरान बस्तर की दीदियों द्वारा अपनाई गई उन्नत सब्जी उत्पादन तकनीक, नर्सरी प्रबंधन और कीट-रोग नियंत्रण के तरीकों ने बिलासपुर के दल को खासा प्रभावित किया। केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि कटाई के बाद होने वाली ग्रेडिंग, पैकेजिंग और स्थानीय मंडियों के माध्यम से सीधे बाजार से जुड़कर बेहतर मूल्य प्राप्त करने की रणनीति भी साझा की गई। बस्तर की दीदियों के द्वारा बुक्स ऑफ रिकॉर्ड के सटीक संधारण और उनके आत्मविश्वास ने आगंतुक दल के भीतर एक नया उत्साह भर दिया। 24 से 25 फरवरी तक आयोजित यह दो दिवसीय दौरा न केवल ज्ञानवर्धन का माध्यम बना, बल्कि दो अलग-अलग जिलों के महिला समूहों के बीच तकनीकी कौशल और अनुभवों को साझा करने का एक सशक्त मंच भी साबित हुआ।

